
देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 117 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...अड़चनें कई तरह की




# पेज थ्री

देहरादून, बुधवार, 5 अगस्त 2020




मौसम अधिकतम 35.0° न्यूनतम 25.0° | 37687.91 | 2 चीन ने तैनात कीं परमाणु मिसाइलें | 7 सुनामी में अनिल कुंबले भी फंसे थे

## अपने घरों में दीपावली मनाएं, दिये जलायें: मुख्यमंत्री

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि बुधवार 05 अगस्त को देश के लिए स्वर्णिम अवसर आ रहा है, जब देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य एवं दिव्य श्रीराम मंदिर निर्माण हेतु भूमि एवं शिलापूजन के साथ आधारशिला रखेंगे।
मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या में मर्यादा पुरूषोत्तम राम के मन्दिर निर्माण को लेकर कई युद्ध लड़े गये, सैकड़ों लोगों ने इसके लिये बलिदान दिया। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि हम इस अवसर पर अपने घरों में दीपावली मनाएं, दिये जलायें। भगवान श्रीराम दुनिया के एकमात्र ऐसे चरित्र हैं, जिन्हें मर्यादा पुरूषोत्तम के नाम से जाना जाता है। उन्होंने भगवान श्रीराम जन्मभूमि के लिए बलिदानियों का स्मरण भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या में बनने वाला श्रीराम मंदिर करोड़ों लोगों की आस्था से जुड़ा है। जब प्रधानमंत्री श्रीराम जन्मभूमि पर भूमि पूजन करेंगे, इसका साक्षी बनने के लिए देश और समाज के सभी क्षेत्रों एवं वर्गों में काफी उत्साह है।

# राम मंदिर का शिलान्यास आज

## अयोध्या रामजन्मभूमि पर राम मंदिर के निर्माण के लिए तैयार

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। सदियों के लंबे इंतजार के बाद अयोध्या रामजन्मभूमि पर राम मंदिर के निर्माण के लिए तैयार है। आज जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंदिर निर्माण की पहली ईंट रखेंगे तब उसके साथ ही रामजन्मभूमि के सैकड़ों साल के अंधेरे इतिहास का पटाक्षेप हो जाएगा। अयोध्या में मंदिर के भूमि पूजन के लिए तैयारियां लगभग समाप्त हो चुकी हैं। राम के शहर में मेहमानों का पहुंचना भी शुरू हो गया है। इस बीच मंदिर निर्माण के लिए बने ट्रस्ट ने भव्य मंदिर के प्रस्तावित मॉडल की तस्वीरें भी जारी कर दी हैं। मंदिर का यह डिजाइन वास्तुकार निखिल सोमपुरा ने तैयार किया है। रामलला के मंदिर के लिए इससे पहले वीएचपी का पुराना मॉडल हमारे सामने था। इसे निखिल के पिता चंद्रकांत सोमपुरा ने तैयार किया था। अब पुराने डिजाइन में कुछ बदलाव किया गया है। मंदिर के नए मॉडल में ऊंचाई, आकार, क्षेत्रफल और बुनियादी संरचना में भी काफी परिवर्तन है।

### साढ़े तीन साल में बनेगा मंदिर

आर्किटेक्ट प्रॉजेक्ट के अनुसार मंदिर को बनकर तैयार होने में तीन से साढ़े तीन साल का समय लगेगा। मंदिर तीन मंजिला होगा और यह वास्तुशास्त्र के हिसाब से बनाया जाएगा।

**गर्भगृह के ऊपर होगी मंदिर की चोटी:** जहां रामलला का गर्भगृह बनेगा, उसके ऊपर के हिस्से को ही शिखर बनाए जाएगा। मंदिर में पांच गुंबद होंगे। पहले के मंदिर मॉडल में सिर्फ दो ही गुंबद थे लेकिन नए मॉडल में मंदिर की भव्यता को बढ़ाने के लिए इसे 5 कर दिया गया है।



**गुंबदों के नीचे श्रद्धालुओं की व्यवस्था:** राम मंदिर के पांचों गुंबदों के नीचे के हिस्से में चार हिस्से होंगे। इसमें सिंहद्वार, नृत्य मंडप, रंगमंडप बनेगें। यहां श्रद्धालुओं के बैठने विचरण करने और विविध कार्यक्रम आयोजित करने के लिए जगह रहेगी।

**कितनी लागत?:** मंदिर के शिल्पकार चंद्रकांत सोमपुरा की माने तो मंदिर बनने में कम से कम 100 करोड़ रुपये की लागत आएगी। यह खर्च बढ़ सकता है।

### पांच गुंबद, 161 फीट ऊंचाई

मंदिर के शिखर की ऊंचाई बढ़ाकर 161 फुट की गई है। इसके साथ ही गुंबदों की संख्या तीन से बढ़ाकर पांच की गई है। मंदिर के जमीन का आकार भी बढ़ा दिया गया है।

### ऊंचाई में 33 फीट की वृद्धि

राम मंदिर की ऊंचाई में 33 फीट की वृद्धि की जा रही है। इसी वजह से एक और मंजिल बढ़ाना पड़ा है। मंदिर के पुराने मॉडल के हिसाब से मंदिर की लंबाई 268 फीट 5 इंच थी। इसे बढ़ाकर 280-300 फीट किया जा सकता है।

### मंदिर में 300 से ज्यादा स्तंभ

राम मंदिर के नए मॉडल के मुताबिक, पूरे मंदिर में कुल 318 स्तंभ होंगे। मंदिर के प्रत्येक तल पर 106 स्तंभ बनाए जाएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### देश में संक्रमितों की कुल संख्या 18,55,745 हुई

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) नई दिल्ली। देश में कोरोना वायरस संक्रमण के 52,050 नए मरीज सामने आने के बाद कुल संक्रमितों की संख्या 18,55,745 हो गई। इसके साथ ही मंगलवार तक 12 लाख से ज्यादा लोग स्वस्थ भी हो चुके हैं। मंगलवार सुबह आठ बजे तक जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटे में संक्रमण से 803 लोगों की मौत हुई जिससे मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 38,938 हो गया। देश में अब तक 12,30,509 लोग स्वस्थ हो चुके हैं और 5,86,298 मरीजों का इलाज चल रहा है।

### रामदेव बोले- अब काशी, मथुरा का सपना हो पूरा

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) अयोध्या। भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होने अयोध्या पहुंचे योग गुरु बाबा रामदेव ने कहा है कि राम का भव्य मंदिर बन रहा है और हमारी प्रार्थना है कि राम राज्य भी आए। राम मंदिर का एक सपना पूरा हो रहा है तो काशी विश्वनाथ का भी और मथुरा-वृंदावन का भी सारे सपने पूरे होंगे।

# चीनी मोबाइल कंपनी वीवो नहीं होगी आईपीएल की स्पॉन्सर

## सोशल मीडिया पर लोगों ने जताया विरोध तो बदला फैसला

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। चीनी मोबाइल कंपनी वीवो इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अगले एडिशन में लीग स्पॉन्सर नहीं होगी। देश में भारी विरोध के बाद वीवो कंपनी की तरफ से यह फैसला मंगलवार को लिया गया। जून में पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन के सैनिकों के बीच हुई भिड़ंत के बाद से ही कई लोगों ने चीनी सामानों का बहिष्कार करने की बात कही थी। इसके अलावा आईपीएल गवर्निंग काउंसिल ने जब स्पॉन्सर रिटेन करने की बात कही थी, तो भी सोशल मीडिया पर लोगों ने इस पर विरोध जताया था। जानकारी के मुताबिक, कंपनी अगले साल यानी 2021 में स्पॉन्सर रहेगी जो डील 2023 तक चलेगी। इस साल के लिए नए स्पॉन्सर का ऐलान जल्द किया जाएगा।

**19 सितंबर से शुरू होना है**

### बीसीसीआई ने किया था समीक्षा का वादा

आईपीएल गवर्निंग काउंसिल ने आगामी एडिशन में भी चीनी मोबाइल कंपनी से स्पॉन्सरशिप करार बरकरार रखने का फैसला किया था जिसके बाद सोशल मीडिया पर कई लोगों ने विरोध जताया। जून में लद्दाख में हुई झड़प के बाद बड़ी संख्या में लोगों ने चीनी सामान का बहिष्कार करने की बात भी कही थी। बीसीसीआई ने तब करार की समीक्षा का वादा किया था लेकिन आईपीएल में भी इस कंपनी को बरकरार रखने का फैसला किया गया।



**आईपीएल:** आईपीएल का 13वां एडिशन यूएई में अगले महीने 19 सितंबर से शुरू होगा। इसका फाइनल मैच 10 नवंबर को खेला जाएगा। पहले यह लीग मार्च में भारत में ही खेली जानी थी, लेकिन घातक कोरोना वायरस के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए इसे तब स्थगित कर दिया गया था।

**आरएसएस ने भी जताया था विरोध:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भी चीनी मोबाइल कंपनी के स्पॉन्सर बने रहने पर सोमवार को विरोध जताया। इसके एक दिन बाद ही वीवो के स्पॉन्सरशिप से हटने की खबर सामने आई।

आरएसएस संबद्ध स्वदेशी जागरण मंच ने सोमवार को कहा था कि लोगों को टी-20 क्रिकेट लीग का बहिष्कार करने पर विचार करना चाहिए। वीवो इंडिया ने 2017 में आईपीएल टाइटल प्रायोजन अधिकार 2199 करोड़ रुपये में हासिल किए थे।

# नीतीश ने की सीबीआई जांच की सिफारिश

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

पटना। बड़ी खबर राजधानी पटना से आ रही है जहां सुशांत सिंह राजपूत मामले में सीबीआई जांच की सिफारिश कर दी गई है। सुशांत के पिता केके सिंह ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से बात की और सीबीआई जांच की मांग की। इसके बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने डीजीपी गुप्तेश्वर पांडेय को सीबीआई जांच कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश भी दे दिया है। इस बीच बिहार सरकार ने सीबीआई जांच की सिफारिश कर दी है।

पूरे मामले में मंगलवार को जेडीयू नेता संजय सिंह ने कहा कि बिहार सरकार ने सुशांत सिंह राजपूत मामले की सीबीआई से जांच की सिफारिश कर दी है। उन्होंने यह भी कहा कि हालांकि बिहार पुलिस मामले की जांच में सक्षम थी लेकिन महाराष्ट्र की सरकार और मुंबई पुलिस उन्हें काम नहीं करने दे रही थी। अब सीबीआई की जांच से दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा और सच्चाई सामने आ जाएगी।

**सुशांत केस**

### सुशांत के पिता ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से की बात

सुशांत सिंह राजपूत के पिता के के सिंह ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से बात की है। केके सिंह ने सीएम नीतीश से कहा कि वो सुशांत सिंह राजपूत के मौत के केस की जांच सीबीआई के हवाले करें। जिसके बाद सरकार ने सीबीआई जांच कराने का फैसला लिया।

**बिहार बीजेपी ने किया फैसले का स्वागत:** बिहार बीजेपी के प्रवक्ता निखिल आनंद ने नीतीश सरकार के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से महाराष्ट्र सरकार ने जो रवैया अख्तियार किया था, 40-50 दिनों का वक्त गुजर गए, साथ ही इस बात के संदेह होने लगे थे कि तथ्यों से छेड़छाड़ और सबूतों को मिटाया जा रहा है। किसी भी तरह का सहयोग नहीं हो रहा था।


*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# कश्मीर-लद्दाख, जूनागढ़ पर भी ठोका दावा!

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

इस्लामाबाद। भारत और नेपाल के बीच सीमा विवाद होने के बाद जिस तरह नेपाल सरकार ने बिना बातचीत के अपने देश का नक्शा जारी कर विवादित क्षेत्रों को अपना बता डाला, पाकिस्तान ने भी अब उससे सीखना शुरू कर दिया है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने मंगलवार को एक बैठक के दौरान देश का नया नक्शा लागू कर डाला है और इसमें लद्दाख, जम्मू-कश्मीर के सियाचिन समेत गुजरात के जूनागढ़ तक पर दावा ठोका गया है। पाकिस्तान यह कदम 5 अगस्त से पहले उठाया है जब जम्मू-कश्मीर से भारत सरकार के आर्टिकल 370 हटाए जाने को एक साल पूरा होने वाला है। इमरान खान ने कैबिनेट की बैठक के बाद देश का नया पॉलिटिकल मैप जारी किया है। इस मैप में सियाचिन को पाकिस्तान का हिस्सा बताया गया है। पाकिस्तान के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने यह ऐलान करते हुए दावा किया है कि भारत ने यहां अवैध तरीके से निर्माण करा रखा है।

**हिमाकत**

पाकिस्तान ने जारी किया नया नक्शा